के खर्च का बढ़ जाना है, खासकर दूसरी आयोजना के शुरू होने के बाद । आयोजनाओं में शामिल किये गये विकास कार्यक्रमों को अमल में लाने से देश की आयात (इम्पोर्ट) सम्बन्धी आवश्यकताएं काफी बढ़ गयी हैं ।

**इस्पात कारखानों में माल डिब्बों का रोका जाना**

३७४. **श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री स० चं० सामन्त :**

क्या **इस्पात और भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि इस्पात कारखानों में मालगाड़ी के डिब्बे समय से अधिक रोक कर रखे जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) भविष्य में मालगाड़ी के डिब्बों को आवश्यकता से अधिक न रोका जाये इसके लिये सरकार ने क्या कदम उठाये हैं या उठाने जा रही है ; और

(घ) स्थिति में कब तक सुधार की संभावना है ?

**इस्पात और भारी उद्योग मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम)** (क) से (घ). कई अवसरों पर रेलवे द्वारा निर्धारित निःशुल्क अवधि से अधिक समय तक मालगाड़ी के डिब्बे इस्पात कारखानों में रोक लिये गये हैं । इस के मुख्य कारण ये रहे हैं—कुछ खास किस्म के डिब्बों में माल लादने और उतारने की उचित मशीनी-व्यवस्था का अभाव, डिब्बों की आमद में उतार-चढ़ाव जो कभी कभी इस्पात संयंत्रों को क्षमता से अधिक हो जाता था तथा रेलवे और इस्पात कारखानों की परिचालन सम्बन्धी आकस्मिक कठिनाइयां । डिब्बों की रोक को यथासम्भव दूर करने के लिये सभी सम्भव उपाय किये जा रहे हैं । सभी इस्पात संयंत्रों की रेलवे के विभिन्न श्रेणी के अधिकारियों से सम्पर्क-व्यवस्था है और हर सम्भव उपाय किया जा रहा है जिस से डिब्बों को उपलब्धि अधिक से अधिक आसानी से हो सके ।

**Sindri Fertilizers and Chemicals Ltd.**

375. **Shri S. C. Samanta:**
**Shri Subodh Hansda:**
**Shri M. L. Dwivedi:**

Will the Minister of **Steel and Heavy Industries** be pleased to state:

(a) whether proper cost accounting system has been introduced in the Sindri Fertilisers and Chemicals Limited;

(b) if so, when; and

(c) if not, the steps taken in the matter?

**The Minister of Steel and Heavy Industries (Shri C. Subramaniam):** (a) Yes, Sir.

(b) Since 1952, when the Company started functioning.

(c) Does not arise.

**Marine Insurance Law**

376. **Shri Raghunath Singh:**
**Shri S. C. Samanta:**
**Shri Subodh Hansda:**
**Shri M. L. Dwivedi:**

Will the Minister of **Finance** be pleased to state:

(a) whether Government of India are contemplating to enact a Statute for Marine Insurance Law as recommended by the Law Commission on the general lines of English Marine Insurance Act of 1906; and

(b) if so, the details thereof?

**The Minister of Finance (Shri Morarji Desai):** (a) The Law Commission's recommendations are being examined and no decision has yet been taken.

(b) Does not arise.